# अतीत को भूलकर नए भारत का निर्माण करने का संकल्प लें : वासुदेव देवनानी

**अजमेर, (कासं)।** आजादी मिलने के साथ ही भारत के विभाजन के समय नफरत के जो बीज बोए गए थे, उन्हीं की फसल अब आतंकवाद के रूप में काटनी पड़ रही है। विभाजन के समय लाखों लोग मारे गए थे और करोड़ों लोग विस्थापित हो गए थे। आजादी के 75 साल बाद आज भी जब विभाजन की पीड़ा और लोगों की पीड़ाओं को याद करते हैं, तो रौंगटे खड़े हो जाते हैं। किंतु अब समय अतीत के बुरे समय को भूलकर आगे बढ़ने का है।

पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने यह बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर देशभर में मनाए जा रहे विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के मौके पर रविवार को अपने निवास पर पत्रकारों से बात करते हुए कही। उन्होंने कहा कि विभाजन के समय झगड़ा सीमाओं का नहीं था, बल्कि नफरत का था। विभाजन और नफरत की आग में लाखों लोग मारे गए थे। अनेकों महिलाओं के सुहाग उजड़

■ 'विभाजन के समय नफरत के जो बीज बोए थे, उन्हीं की फसल अब आतंकवाद के रूप में काटनी पड़ रही है'

गए थे। लाखों बेटे-बेटियों के सिर से पिता का साया उठ गया था। माता-पिताओं के पुत्र मारे गए थे।

देवनानी ने कहा कि लाखों लोगों को अपने मकान-दुकान, व्यापार, उद्योग-धंधे छोड़कर सनातन धर्म की रक्षा के लिए पाकिस्तान छोड़कर भारत आना पड़ा। यह अनेक वर्षों तक विस्थापित का जीवन जीना पड़ा, किंतु इन विस्थापितों ने अपनी मेहनत और जज्बे से मुकाम हासिल किया। उन्होंने कहा कि भारत के विभाजन मनुष्य की भावनाओं और रिश्तों के साथ ही अखंड राष्ट्र की विचारधारा को खंडित करने का वह षडयंत्र था, जिसका दंश अभी भी देश भोग रहा है। ऐसा पहली बार हुआ है, जब प्रधानमंत्री मोदी ने बंटवारे में विस्थापित होने वाले और जान गंवाने वाले देश के लाखों बहनों और भाइयों के संघर्ष और बलिदान की याद को अक्षुण्ण रखने के लिए 14 अगस्त को 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' मनाने का आ ान किया है।

उन्होंने कहा कि 75 साल पहले आज के ही दिन अखंड भारत को विभाजित कर इसके दो टुकड़े किए गए थे। जो दर्द विस्थापितों ने भोगा, वह किसी त्रासदी से कम नहीं है। भले ही आजादी से पहले विभाजन की त्रासदी को देश ने भोगा, परन्तु उसकी त्रासदी अभी भी देश की बहुसंख्य जनता भोग रही है। बंटवारे के जख्म अभी भी भरे नहीं गए हैं। बहुत से परिवार अपनों से सदा के लिए अलग हो गए, उन्हें अपनी परम्पराओं, रीत-रिवाजों और घरों से सदा के लिए बेदखल कर दिया गया।

देवनानी ने कहा कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। विभाजन दो देशों के रूप में ही नहीं, बल्कि धर्म और मजहब के नाम पर नफरत के बीज बोने के रूप में भी हुआ था। विभाजन वह त्रासदी ऐसी थी, जिसमें लाखों लोगों के घर लूट लिए गए। लूटपाट, अपहरण व हत्याएं हो रही थीं। विभाजन की इस विभीषिका में लाखों हिन्दुओं को काल कवलित होना पड़ा। यह नफरत आज भी आतंकवाद के रूप में हम सबके बीच बना हुआ है, जिससे देश की एकता और अखंडता को खतरा बना रहता है।

देवनानी ने कहा कि भारत में आज भी आतंकवाद हमारे राष्ट्रीयता एकता और अखंडता के संकल्प को चुनौती देता है। उन्होंने सभी नागरिकों और देशवासियों का आव्हान किया कि वे अतीत से प्रेरणा लेकर भारत के लिए समर्पित रहें। हम सब देश की अखंडता को अक्षुण्ण रखते हुए भारत को विश्व का सर्वाधिक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लें। हमारी एकता से ही भारत की अखंडता कायम रह सकती है।

# पेयजल लाइन निर्माण कार्य का शुभारंभ




**21 लाख रुपए की लागत से डाली जा रही पाइप लाइन का मनोनीत पार्षद हेमंत जोधा ने शुभारंभ किया।**

**अजमेर, (कासं)।** वार्ड नंबर दो सुंदर नगर, भैरव चौक एवं टावर वाली गली की पेयजल समस्या के निदान के लिए रविवार को जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 21 लाख रुपए की लागत से डाली जा रही पाइप लाइन का मनोनीत पार्षद हेमंत जोधा ने शुभारंभ किया।

पार्षद हेमंत जोधा ने बताया कि सुंदर नगर भैरव चौक एवं टावर वाली गली के निवासी लंबे समय से पेयजल की समस्या से पीड़ित थे पेयजल समस्या के लिए राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्यमंत्री श्री धर्मेंद्र राठौड़ के प्रयासों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 21 लाख रुपए की लागत नई पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी।

इस अवसर पर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के महासचिव शिव कुमार बंसल, पूर्व पार्षद कमल बैरवा, सुरेश राठौड़, शब्बीर खान चीता, महेंद्र सिंह जोधा, सुंदर नगर विकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप रानीवाल, उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश माथुर, भंवर सिंह नरूका, वीर सिंह राणावत, प्रीतम भटनागर, रघुनाथ सिंह, सत्यनारायण नरूका, विजय सिंह भाटी, शैतान सिंह, बृजेश शर्मा, सूर्य नगरी के अध्यक्ष महावीर सिंह राठौड़, प्रेम सिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी एवं क्षेत्रीय निवासी मौजूद थे।

## रैली निकाल कर बांटे तिरंगे

**भीलवाडा, (निसं)।** जायंट्स ग्रुप ऑफ टेक्सटाइल सिटी द्वारा आर.सी.व्यास कॉलोनी सेक्टर 4 में 75वें आजादी के अमृत महोत्सव के तहत हर घर तिरंगा अभियान में भागीदारी निभाते हुये अध्यक्ष मंजु पोखरना के सानिध्य में रैली निकाल घर-घर तिरंगे वितरित किये गये।

सचिव मंजू बापना ने बताया कि सर्वप्रथम पूर्व सभापति मंजू पोखरना द्वारा राष्ट्रीय ध्वज का विधिवत पूजन की गई। हर घर तिरंगा महोत्सव के उपलक्ष में कॉलोनी का कोई भी घर तिरंगे से वंचित ना रहे इसी भावना के साथ नितिन बापना के सहयोग से 100 झण्डे हर घर में दिए गए व एक विशाल तिरंगा रैली निकली। यह सिर्फ रैली नहीं, अपितु राष्ट्र एवं तिरंगे के प्रति सम्मान व 15 अगस्त के बाद झण्डे को संभाल के रखने का संदेश अध्यक्ष मंजू पोखरना ने दिया। कोलोनी के सभी सदस्यों के सहयोग से व बडे उत्साह के साथ रैली निकली गई। सभी ने भारत माता का जयघोष किया। सम्पूर्ण मार्ग में विशाल बैंड के साथ देशभक्ति गीतों को भी बजाया जा रहा था। कार्यक्रम में सचिव मंजू बाफना, कोषाध्यक्ष पुष्पा मेहता, समिति अध्यक्ष अमरसिंह चंडालिया, सचिव उदित गगरानी, रोहित गोधा, रोशन सुवालका, सिद्धार्थ बापना, नीलम खण्डेलवाल, सुनीता सुराणा, उमा लोढ़ा, मुकेश खण्डेलवाल, मुकेश अग्रवाल, अखिलेश काबरा, योगेश पारीक, बलवीर यादव, महेश छापरवाल, आदि सहित बच्चों ने रैली में उत्साह के साथ भाग लिया।

# अजमेर में जश्न-ए-आजादी और अमृत महोत्सव पूरी तरह चढ़ा परवान

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में जश्न-ए-आजादी और आजादी का अमृत महोत्सव पूरी तरह परवान चढ़ गया है। हर मकान-दुकान पर तिरंगा लहरा रहा है। नागरिकों में देशभक्ति की अलख जगाए रखने के लिए प्रभात फेरियां और तिरंगा रैलियां निकाली जा रही हैं। यह सिलसिला सोमवार तक चलेगा। विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर रविवार को इस विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के चारों मंडलों की ओर से मौन जुलूस निकाले गए। इनमें सैकड़ों नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए।

पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने बताया कि हालांकि अब तक इस क्षेत्र में 40 हजार से अधिक तिरंगे वितरित हो चुके हैं। इसके बावजूद रविवार की शाम तक तिरंगा लेने के लिए आने वालों का सिलसिला चलता रहा। लोगों की मांग और देशभक्ति की भावना को देखते हुए उन्होंने झंडे खत्म होने के बावजूद बाहर से झंडे खरीद कर मंगवाए, ताकि झंडा लेने के लिए आने वाला कोई भी व्यक्ति खाली हाथ नहीं जाए। उनका संकल्प है कि आजादी के अमृत महोत्सव पर उनके क्षेत्र में हर मकान और दुकान पर तिरंगा लहराए। रविवार को जब उन्होंने विभिन्न इलाकों का दौरा किया, तो उन्हें यह

■ हर मकान-दुकान पर लहरा रहा है तिरंगा

■ नागरिकों में देशभक्ति की अलख जगाने के लिए प्रभात फेरियां और तिरंगा रैलियां निकाली

देखकर बहुत खुशी हुई कि पूरे उत्तर क्षेत्र में तिरंगे लहरा रहे हैं। घर-घर तिरंगा शान से फहर रहा है। पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया है।

देवनानी ने बताया कि उत्तर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर प्रभात फेरियां और तिरंगा रैलियां भी निकाली गईं, जिनमें वे खुद भी शामिल हुए हैं। शहर भाजपा महिला मोर्चा द्वारा रविवार को सुबह महावीर सर्किल स्थित संन्यास आश्रम से लेकर सुभाष उद्यान में बारादरी तक प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें सैकड़ों महिलाएं और पुरूष हाथों में तिरंगा लिए देशभक्ति के नारे लगाते हुए चल रहे थे। बारादरी पर समापन पर योग कराने के बाद देशभक्ति के गीत गाए गए। वार्ड 77 में वैशाली नगर स्थित राम विहार से तिरंगा रैली निकाली गई, जिसमें दाहरसेन मंडल अध्यक्ष व वार्ड पार्षद दीपेंद्र लालवानी, महामंत्री सत्येंद्रकुमार शर्मा सहित सैकड़ों नागरिक शामिल हुए। वार्ड 74 में निकाली गई तिरंगा रैली में पार्षद रूबी जैन सहित अनेक नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। इसी प्रकार वार्ड 64 में शास्त्री नगर पुलिस चैकी से पुलिस लाइन तक तिरंगा रैली निकाली गई। पुलिस लाइन में समापन पर देवनानी ने बलिदानियों के चित्र का अनावरण किया। इस मौके पर शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. प्रियशील हाड़ा, डिप्टी मेयर नीरज जैन, मंडल अध्यक्ष महेंद्र जादम, पार्षद रिंकू जादम सहित बड़ी संख्या में नागरिक और पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। इन रैलियों में लोग हाथों में तिरंगा थामे वंदे मातरम् और देशभक्ति के गीत गाते हुए चल रहे थे।

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर रविवार को अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के अधीन शहर भाजपा के चारों मंडलों की ओर से विभिन्न स्थानों से मौन जुलूस निकाले गए, जो गांधी भवन पहुंचकर समाप्त हुए। पृथ्वीराज मंडल का मौन जुलूस नया बाजार स्थित राजकीय संग्रहालय, दाहरसेन मंडल का मौन जुलूस आगरा गेट चैराहे, बजरंग मंडल का मौन जुलूस कचहरी रोड स्थित क्षेत्रपाल अस्पताल और पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल का मौन जुलूस नया बाजार चैपड़ से शुरू हुआ। इनमें पृथ्वीराज मंडल के अध्यक्ष प्रकाश बंसल, संयोजक अनिल नरवाल, सह संयोजक जातवेद सोनी, दाहरसेन मंडल अध्यक्ष व पार्षद दीपेंद्र लालवानी, संयोजक व महामंत्री सत्येंद्र कुमार शर्मा, सह संयोजक विक्रमसिंह राठौड़, बजरंग मंडल अध्यक्ष महेंद्र जादम, संयोजक गोपाल शर्मा, सह संयोजक अजय सिंह नरूका, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल अध्यक्ष सतीश बंसल, संयोजक सुभाष जाटव, सह संयोजक अरविंद पाराशर सहित बड़ी संख्या में नागरिक व पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। जुलसों में सभी लोग तिरंगा लेकर मौन साधे हुए चल रहे थे। जुलूसों के समापन पर विधायक वासुदेव देवनानी, शहर भाजपा अध्यक्ष डॉ. प्रियशील हाड़ा, संयोजक कंवलप्रकाश किशनानी, सह संयोजक राजेश घाटे भी मौजूद रहे।

ब्रह्माकुमारी संस्था की ओर से नवाब का बेड़ा स्थित आदर्श डिग्री कॉलेज में आयोजित समारोह में विधायक देवनानी और विधायक अनिता भदेल ने झंडारोहण किया। ब्रह्माकुमारी की शांता बहन और रूपा बहन ने बताया कि सैकड़ों सेवकों और नागरिकों ने इस कार्यक्रम में यह संकल्प लिया कि वे देश की एकता और अखंडता के लिए समाज को जाग्रत करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानियों के निवास पर होगा ध्वजारोहण

**अजमेर, (कासं)।** देश की आजादी में योगदान देने वाले स्वतंत्रता सेनानियों का राज्य सरकार घर जाकर सम्मान करेगी। स्वाधीनता दिवस पर कृषि मंत्री लालचंद कटारिया स्वतंत्रता सेनानियों के निवास पर जाकर ध्वजारोहण करेंगे। जिला कलैक्टर अंश दीप ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता सेनानियों के निवास पर झंडारोहण कराया जाएगा। स्वाधीनता दिवस 15 अगस्त को कृषि मंत्री लालचन्द कटारिया स्वतंत्रता सेनानियों के घर जाकर झंडारोहण कराएंगे। उन्होंने बताया कि वर्तमान में जिले में किशन अग्रवाल एवं शोभाराम गहरवार जीवित स्वतंत्रता सेनानी है। इनके निवास स्थान पर झंडारोहण का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि किशन अग्रवाल के होली दड़ा नया बाजार स्थित निवास पर झंडारोहण के लिए अजमेर विकास प्राधिकरण के सचिव किशोर कुमार तथा शोभाराम गहरवार के जादूघर कॉलोनी स्थित निवास पर झंडारोहण के लिए जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हेमंत स्वरूप माथुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# लायंस की विशाल तिरंगा रैली सेना नायकों के नेतृत्व में निकाली

**अजमेर, (कासं)।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत रविवार को लायंस क्लब अजमेर वेस्ट द्वारा एक विशाल तिरंगा वाहन रेली सेना नायकों की अगुवाई में निकाली गई।

संयोजक पूर्व प्रान्तपाल लायन सतीश बंसल के अनुसार मेजर प्रेम चंद तंवर, सूबेदार मेजर मुकेश जाटोंलिया, सूबेदार दातार सिंह व हवलदार सजे मेंथ्यू के नेतृत्व में बजरंग गढ़ स्थित विजय स्मारक पर शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित कर रैली प्रारंभ हुई जिसमें चारों सेना नायक सबसे आगे खुली जीप में जनता का अभिवादन करते चल रहे थे। इनके पीछे लायंस सदस्यों का क़ाफ़िला दो पहिया व चार पहिया वाहनों पर हाथ में तिरंगा लहराते हुए चल रहा था। रेली विजय स्मारक से महावीर सर्कल,आगरा गेट,नयाबाज़ार, चोपड,गोल प्याऊ, चूड़ी बाज़ार, जी पी ओ, मदार गेट होते हुए स्टेशन रोड स्थित शहीद स्मारक पर सम्पन्न हुई , जहां उपस्थित सभी जनो ने दीपदान कर शहीदों को श्रधांजलि अर्पित की। पूर्व प्रान्तपाल लायन ओ एल दवे एवम लायन सुधीर सोगानी ने चारों सेना नायकों का माला पहनाकर एवम प्रशस्ति पत्र देकर अभिनंदन किया।

रेली में लायंस क्लब अजमेर के अध्यक्ष लायन नरपतराज भंडारी, आस्था के अध्यक्ष लायन घेवरचंद नाहर, लायन लोकेश अग्रवाल, शौर्य की अध्यक्ष लायन नयनासिंह, लायन प्रतिभा विस्बा, वेस्ट क्लब की अध्यक्ष अमित प्रभा शुक्ला, रॉयल के अध्यक्ष लायन हंसराज अग्रवाल, लायन हरीश गर्ग, पृथ्वीराज के अध्यक्ष लायन गजेंद्र पंचोली, लायन मोहन गुप्ता, सिटी के लायन मुकेश गर्ग, लायन प्रदीप बंसल सहित अन्य लायन सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष लायन अंशु बंसल, लायन वीरेंद्र पाठक, लायंस मार्केटिंग के चैयरपर्सन लायन राजेन्द्र गांधी, लायन आभा गांधी, लायन राकेश शर्मा, लायन सीमा पाठक भी मौजूद थे।

# कांग्रेसियों ने विधायक देवनानी की कड़े शब्दों में निंदा की

**अजमेर, (कासं)।** पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान उपाध्यक्ष कुलदीप कपूर फकरे मोइन महासचिव शिव कुमार बंसल, पार्षद हेमंत जोधा ने पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं विधायक वासुदेव देवनानी की सूर्यनगरी पाइप लाइन निर्माण कांग्रेसियों के द्वारा उद्घाटन करने के बाद दोबारा पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री एवं विधायक वासुदेव देवनानी द्वारा शुभारंभ करने की कड़े शब्दों में निंदा की है।

कांग्रेसियों ने प्रेस वक्तव्य जारी कर बताया कि सुंदर नगर भैरव चौक एवं टावर वाली गली के क्षेत्रीय निवासी लंबे समय से पेयजल समस्या से पीड़ित थे। उन्होंने पेयजल समस्या से निजात दिलाने के लिए पार्षद हेमंत जोधा से आग्रह किया था।। पार्षद हेमंत जोधा ने राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष एवं राज्य मंत्री धर्मेंद्र राठौड़ को ज्ञापन देकर नई पाइप लाइन बिछाने का आग्रह किया था। निगम अध्यक्ष राठौड़ के प्रयासों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 21 लाख रुपए की लागत की नई पाइप लाइन बिछाने की स्वीकृति प्रदान की थी।

कांग्रेसियों ने बताया कि रविवार प्रातः सुदर नगर में कांग्रेसियों ने पार्षद हेमंत जोधा के नेतृत्व में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा बिछाई जाने वाली पाइपलाइन के निर्माण कार्य का शुभारंभ कर दिया था। उसके थोड़ी देर बाद विधायक देवनानी ने दोबारा शुभारंभ कर निंदनीय कार्य किया है। कांग्रेसियों ने बताया कि विधायक देवनानी पिछले 18 वर्ष से क्षेत्र के विधायक है एवं दो बार भाजपा सरकार में शिक्षा राज्य मंत्री रह चुके है। तब उन्होंने क्षेत्रीय समस्याओं की कोई सुध नहीं ली।

## अवैध शराब जब्त, दुकानदार गिरफ्तार

**उदयपुर, (कासं)।** दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने के आरोपी को गिरफ्तार कर इसके कब्जे से अस्सी बोतल से अधिक शराब जब्त की। जिला पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर चलाए जारहे तलाशी अभियान के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चन्द्रशील ठाकुर, पुलिस उप अधीक्षक शिप्रा राजावत के निर्देशन में प्रतापनगर थानाधिकारी दर्शनसिंह के नेतृत्व में एएसआई पर्वतसिंह मय टीम ने जिंक चौराहा पर स्थित दुकान पर दबीश दी। जहां से पचास हजार रूपये की करीब 85 बोतल अवैध शराब जब्त कर धुणीमाता डबोक हॉल जिंक स्मेल्टर निवासी मोहनलाल पुत्र छगनलाल चौधरी को गिरफ्तार किया। अनुसंधान अधिकारी पर्वतसिंह ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर दो दिन का रिमाण्ड लिया है। आरोपी का पूर्व में सरकारी ठेका था। ठेका खत्म होने के बावजूद वह शराब बेचने की जानकारी सामने आई है।

# अवैध शराब सहित बस जब्त

**उदयपुर, (कासं)।** सायरा थाना पुलिस ने तलाशी अभियान के दौरान पचास हजार की अवैध शराब से भरी बस जब्त कर चालक को गिरफ्तार किया। बस सायरा से सूरत जा रही थी।

जिला पुलिस अधीक्षक विकास शर्मा के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय कुंदन कंवरिया, पुलिस उप अधीक्षक भुपेन्द्र के सुपरविजन में सायरा थानाधिकारी करनाराम के नेतृत्व में गठित दल ने 13 अगस्त को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर सायरा से सूरत चलने वाली राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अनुबंधित बस को मंदार पेट्रोल पंप के पास रोक कर चैक किया तो उसमें चार कर्टन छह बोतल अवैध शराब पाई की। इस पर चालक काकरवा भुपालसागर चित्तौड़गढ़ निवासी अम्बालाल पुत्र भगवानलाल को गिरफ्तार कर अवैध शराब सहित बस को जब्त कर मामला दर्ज किया। पुलिस ने आरोपी को रिमाण्ड पर लिया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला कि बस सायरा से सूरत जा रही थी। बरामद शराब की कीमत करीब पचास हजार रूपये बताई जा रही है।

## रक्तदान शिविर आज

**उदयपुर, (कासं)।** सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति द्वारा 15 अगस्त शिविर की तैयारी में जुटे कार्यकता। सिंधी सेंट्रल युवा सेवा समिति के अध्यक्ष गिरीश राजानी ने बताया कि मे 15 अगस्त को विशाल रक्तदान शिविर व निशुल्क चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित होगा।

उक्त शिविर सिन्धी सेन्ट्रल सेवा समिति के तत्वावधान मे झूलेलाल युवा व नारी संघ के साथ 12 वा शिविर झूलेलाल भवन से.4 में होगा। शिविर में महाराणा भोपाल चिकित्सालय के सहयोग से रक्तदान व पेसिफिक हास्पिटल द्वारा छह तरह की निशुल्क परामर्श सेवाए ऑर्थोपेडिक, कार्डियोलॉजी, फिजीशियन, ई एन टी और बीपी, शुगर की सेवाएं निशुल्क रखी गयी है जिसका लाभ भी सभी ले सकते है शिविर प्रातः 9.30० बजे 2 बजे तक चलेगा। शिविर की शुरूआत में हिरणमगरी पंचायत अध्यक्ष मुरली राजानी द्वारा प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करके किया जाएगा।

## कृषि मंत्री कटारिया करेंगे झंडारोहण

**अजमेर, (कासं)।** स्वाधीनता दिवस सोमवार 15 अगस्त को पूरे जिले में मनाया जाएगा। पुलिस लाइन में आयोजित होने वाले जिला स्तरीय कार्यक्रम में कृषि मंत्री लालचंद कटारिया द्वारा झण्डा रोहण किया जाएगा। जिला कलैक्टर अंशदीप ने बताया कि स्वाधीनता दिवस का मुख्य जिला स्तरीय समारोह पुलिस लाईन मैदान में आयोजित होगा। यहां कृषि एवं पशुपालन मंत्री लालचंद कटारिया द्वारा प्रातः 9.05 मिनट पर झण्डारोहण किया जाएगा।

## सार-समाचार

### पुलिस का रूट मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से निकला

**अजमेर, (कासं)।** 75वें स्वाधीनता दिवस समारोह से पूर्व 14 अगस्त की शाम जिला पुलिस, आरटीडीसी किशनगढ़, जीआरपी और हाड़ी रानी बटालियन के संयुक्त तत्वाधान में पुलिस का रूट मार्च शहर के विभिन्न मार्गों से निकला। पुलिस महानिदेशक रूपेंद्र सिंह, जिला पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान सहित शहर जिला के तमाम पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान इस रूट मार्च में शामिल हुए। रूट मार्च के आगे आगे पुलिस के ट्रक में पुलिस का बैंड देशभक्ति की धुन और स्वर लहरियां बिखेरता हुआ आगे आगे चला तो वही पीछे पीछे पुलिस के जवान और अधिकारी हाथों में तिरंगा थामें जिला कलेक्ट्रेट से निकल कर शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए गांधी भवन पहुंचे जहां रूट मार्च का समापन किया गया। रूट मार्च के दौरान जगह-जगह शहर के विभिन्न समाजसेवी, व्यापारिक संगठनों के द्वारा पुष्प वर्षा कर पुलिस के इस रूट मार्च व तिरंगा रैली का भव्य स्वागत किया गया। जगह-जगह वंदे मातरम और भारत माता की जय के जय घोष के साथ पुलिस की रैली का जोश खरोश देखते ही बन रहा था। पुलिस महानिदेशक रूपिंदर सिंह ने बताया कि स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान लॉ एंड आर्डर के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लोगों के बीच पुलिस की मौजूदगी है और भी बेधड़क राष्ट्रीय पर्व को एकता भाईचारे और राष्ट्रभक्ति के साथ मना सकें ऐसा संदेश रूट मार्च के माध्यम से दिया गया है।

### विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाला

**मदनगंज-किशनगढ, (निसं)।**भाजपा की और से मदनगंज मण्डल अध्यक्ष किशन बंग व कार्यक्रम प्रभारी मनोहर तारणी की अगुवाई में केंद्रीय नेतृत्व के आदेशानुसार मुख्य चौराहे से विभाजन विभीषिका दिवस पर मौन जुलूस निकाला गया। संयोजक कमल जैन, सह संयोजक सुशील दाधीच तिलोनिया ने बताया कि विभाजन के दौरान लाखों नागरिकों को अपनी जान गंवानी पडी और लाखों परिवार अपने घर गांव देश छोडकर भारत में आकर बस गये, इनकी पीडा को मद्देनजर रख मौन जुलूस निकाला। इस दौरान भाजपा नेता डॉ विकास चौधरी, किशन गोपाल दरगड, महेंद्र पाटनी, मांगीलाल अग्रवाल, पारसमल बाकलीवाल, गुणमाला पाटनी, महेंद्र टांक, जगदीश सिंह, समरथ सिंह, राजीव शर्मा, बनवारी लाल डागा, राजकुमार लुहाड़िया, सुनील दरडा, विमल बडजात्या, राजकुमार बडजात्या, सूर्यप्रकाश शर्मा, गिरधारी अमरवानी, जुगल राठी(सीए), कैलाश गेना, रविकांत शर्मा, मनीष टेलर, नवीन जिंदागल, अजित जैन, अनिल राव, पंकज पहाडिया, पुनीत जैन, सनी राव, एडवोकेट विजय पारीक, पिशु मुलानी, विष्णु मेघानी, डॉ किशोर मंगलानी, करण मेघानी, बलराज, मनीष बंजारा, अजित बनजारा, अमन पाटोदिया, राजेश नवहाल, अशोक शर्मा सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### तिरंगा यात्रा का स्वागत किया

**भीलवाडा, (निसं)।** वार्ड नं 64 मलाण, सुभाषनगर राजपूत कॉलोनी में पार्षद जगदीश गुर्जर के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली जिसमे वार्डवासियों ने बढ चढकर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का जगह जगह वार्ड वासियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो सुजीत मेवाडा ने बताया कि इस अवसर पर पार्षद जगदीश गुर्जर, प्रभु सिंह शेखावत, श्याम ओझा, ललित शंकर अवस्थी, गोपाल सिंह राठौड़, सुरेंद्र सिंह मोटरास,भेरुलाल गुर्जर कर्नल, सत्यनारायण गुर्जर, जगदीश सेन, सहित सैकडों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## शारदा बालिका स्कूल में कैरियर काउंसलिंग संपन्न

**नागौर, (निसं)।** विद्या भारती विद्यालय तथा आदर्श विद्या मंदिर के तत्वावधान में संचालित शारदा बाल निकेतन विद्यालय में कैरियर काउंसलिंग संपन्न हुई। राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर में कार्यरत असिस्टेंट प्रोफेसर वनस्पति शास्त्र ज्योत्सना भाटी ने इस अवसर पर शाला की एकादशी व द्वादशी की विज्ञान वर्ग की बालिकाओं को कैरियर काउंसलिंग से संबंधित मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर भाटी ने भारत तथा राजस्थान के विशेष संदर्भ में जीव विज्ञान व गणित विषय लेकर भविष्य निर्माण की दिशा में प्रचलित विभिन्न कोर्स की विस्तार से जानकारी दी साथ ही सेना, अर्धसैनिक बल, वायुसेना, नौसेना आदि क्षेत्रों में विज्ञान वर्ग को आधार मानकर होने वाली परीक्षाओं की विस्तार से जानकारी दी जिसमें शुल्क व विभिन्न वर्ग के अनुसार आयु निर्धारण व छूट, प्राप्त अवसर के संबंध में बालिकाओं का मार्गदर्शन किया।

# रूपनगढ़ में आजादी की गौरव पदयात्रा निकाली

**रूपनगढ़, (निसं)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आव्हान पर पूर्व मंत्री पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ के नेतृत्व में रूपनगढ उपखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 75वी आजादी की गौरव पदयात्रा निकाली। आजादी की गौरव पदयात्रा जाट छात्रावास से फुहारा सर्किल से सदर बाजार होते हुए गणेश जी मंदिर तक समापन हुआ। कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे झंडे लेकर देशभक्ति के गीतों के साथ चल रहे थे।

इस दौरान गुर्जर चमालिसा अध्यक्ष श्रवण गुर्जर,जाट चमालिसा अध्यक्ष लिखमा राम बाना, पिंगलोद सरपंच शिवराज दोडवादिया, वरिष्ठ नेता हाजी इंसाफ अली, जिला महासचिव जीवण राम भाकर, मार्बल एसोसियसशन युवा नेता रामविलास थाकन, नंदा राम देवंदा, नगर अध्यक्ष रामनारायण कुमावत, सिनोदिया सरपंच मस्तराम पादरा, पनेर सरपंच प्रतिनिधि मांगीलाल बांगडा, रामस्वरूप मुंड, हरि जाखड, हीरा लाल माली,नाथू गुर्जर, हरदयाल तंवर,



**पूर्व मंत्री पीसीसी उपाध्यक्ष नसीम अख्तर इंसाफ के नेतृत्व में रूपनगढ उपखण्ड के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने 75वी आजादी की गौरव पदयात्रा निकाली।**

रघुनाथ गुर्जर, गणेश राम ढाका, ओमप्रकाश मुंड, सोनू गुर्जर, गोगराज गुर्जर, दिनेश मौर्य, महबूब खान, मुस्ताक खान, सतार खान, पनेर उपसरपंच सराज खान, रामनिवास बुगालिया, बिरदा राम, भंवर फगोडिया, पूरण सेवडा, भवानी मेघवाल, हजारी खाती, आत्मा राम सिंधी, सीताराम लखन, नोसाद शेख, हनुमान कुमावत, पूरन गुर्जर, युवा नेता

■ कांग्रेस कार्यकर्ता हाथों में तिरंगे लेकर देशभक्ति गीत गाते हुए चल रहे थे

सेठु मेघवाल, परमेस्वर बाना, देवी लाल रेगर, रामनिवास रेगर, गिरधारी गुर्जर, महेंद्र चौधरी, मोहन माली, राजेश थाकन, श्रवण ड्सनिया, सुमेर सिंह,मिलाप सिंह, लालचंद, संजय जोशी, अहमद रजा, अशोक मेघवाल,मोहन कुमावत, दुर्गा राम माली, अजीज मोहम्मद, परमानंद शर्मा, भवर बांगडा, रतन बांगडा, हरजी राम कांतवा, त्रिलोक जाजडा, दीपा राम घसवा, राकेश सोहु, देवकरण गुर्जर, यूनुस खान सहित सैकडों कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में जोश के साथ नारे लगा रहे थे। समापन गणेश जी मंदिर पर हुआ। पूर्व मंत्री नसीम अख्तर इंसाफ ने आये हुए सभी कार्यकर्ताओं का धन्यवाद दिया और कहा कि 17 अगस्त से कांग्रेस पार्टी पंचायत स्तर पर महंगाई के खिलाफ अभियान करेगी।